भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 27.08.2022

आरेडिका में 87वाँ अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का अयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 29.08.2022 से 31.08.2022 तक 87वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन पूरे उत्साह के साथ होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न रेलवे जोन के लगभग 400 खिलाड़ी भाग लेने आ रहे हैं।

इस चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगताओं में प्रतिभाग कर चुके खिलाड़ी भी सामिल हो रहे हैं एवं वे चैंपियनशिप का मुख्य आकर्षक रहेंगे, इनमें प्रमुख नाम हैं जैसे श्री बाहदुर प्रसाद, सुश्री सुधा सिंह एवं श्री लिजो डेविड आदि हैं। इससे आरेडिका और आस पास के खिलाड़ियों में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं खेलों के प्रति आकर्षण बढेगा, और खेलों के संबंध में गम्भीर समझ का विकास होगा।

आगुन्तक खिलाड़ियों उनके कोचों और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने-खाने की उचित व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और एक स्वच्छ प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सके।

27/8/2022

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन-संपर्क अधिकारी